18 JUNE-JANJ PG-01_Layout 1 6/18/2024 10:39 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 29. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 19 जून 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



4 भीमा तालाब के पास होगा जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन




## खबर संक्षेप

### आपदा के समय टोल फ्री नंबर 1070 से मिलेगी सहायता

**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश में किसी आपदा में आम नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु टोल फ्री नंबर-1070 पर सूचित कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। किसी भी आपदा में जन समुदाय के सहायता उपलब्ध कराने के लिए ईआरएसएस डॉयल 1070-आपदा प्रबंधन आपातकालीन सेवा संचालित की जा रही है। इसके टोल फ्री नम्बर पर संपर्क कर बाढ़, अग्नि दुर्घटना, आकाशीय बिजली दुर्घटना, सर्पदंश आदि में सहायता ली जा सकती है।

### आंबा सहायिका पद पर भर्ती के लिए 28 तक दावा आपत्ति

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 अंतर्गत ग्राम पंचायत मेहंदा, धनेली, कुटरा, तेंदुभांठा, खैरा, सेंदरी, जगमहंत, खैरा, कुथुर, अमोरा, चौराभांठा, अवरीद, धुरकोट मे रिक्त पद आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों के आधार पर भर्ती हेतु प्रथम मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है, जिसमें किसी भी अभ्यर्थी, नागरिक को आंगनबाड़ी सहायिका पद मे दावापत्ति करने हेतु 19 जून से 28 जून कार्यालयीन समयावधि मे एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर के पीछे पुराना बाल संरक्षण गृह मे स्वयं उपस्थित होकर दवापत्ति जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि व समय उपरांत प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जावेगा तथा यह भी स्पष्ट हो कि दावा आपत्ति करने के समय मूल आवेदन मे जोड़ने हेतु नवीन दस्तावेज मान्य नहीं किये जायेंगे।

### इंजीनियरिंग, मेडिकल प्रवेश कोचिंग के लिए आवेदन 1 तक

**जांजगीर-चांपा।** वर्ष 2024-25 में राज्य के अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से 1 जुलाई समय सायं 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना से संबंधित आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्तें इत्यादि विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पुराना कलेक्टोरेट परिसर जांजगीर-चांपा से संपर्क किया जा सकता है।

### मत्स्याखेट पर करने पर लगेगा 10 हजार का जुर्माना

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्याखेट अधिनियम 1972 की धारा 3 की उपधारा दो के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक क्लोज सीजन घोषित किया गया है। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि क्लोज सीजन में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिले के समस्त नदियों, नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, जलाशय निर्मित किए गए हैं, उनमें किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपए का जुर्माना या दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

### महिला चिकित्सक पद के लिए आवेदन 20 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** छात्रावास व आश्रमों में निवासरत छात्र-छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वस्थ तन स्वस्थ मन योजना वर्ष 2007 के अनुसार छात्रावास व आश्रमों के लिए मानदेय के आधार पर जिला जांजगीर-चांपा के निजी प्रैक्टिशनर उपाधि वाले 1 महिला चिकित्सक की माह जुलाई से अप्रैल तक के लिए आवश्यकता है , जिसके लिए 20 जून को शाम 5 बजे तक आवेदन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जांजगीर में आमंत्रित किये गये हैं।

# चुनाव निपटाने दिया था आश्वासन, अब सड़क व नाली निर्माण को भूला प्रशासन

## नागरिकों ने ज्ञापन सौंपकर दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के बदहाल थाना व मस्जिद रोड में सडक और नाली निर्माण की मांग करते थक चुके नागरिकों ने लोकसभा चुनाव के पहले मतदान महायज्ञ में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया तो प्रशासनिक अमला हरकत में आया। 45 डिग्री तापमान में एसी की ठंडकता छोड़कर अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान नागरिकों को ना केवल समझाईश दी गई बल्कि आचार संहिता खत्म होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का लिखित आश्वासन दिया। इस पर नागरिकों ने चुनाव बहिष्कार को स्थगित करके मतदान में अपनी सहभागिता निभाई, पर अफसोस मतदान के बाद परिणाम जारी होने और सरकार गठन के बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में लोग ठगा महसूस कर रहे है और अबकी बार उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

नगर वासियों के द्वारा मंगलवार को तहसीलदार प्रियंका बंजारा को ज्ञापन सौंप कर नगर के थाना रोड एवं मस्जिद रोड में सड़क व नाली निर्माण के लिए तहसीलदार द्वारा पूर्व में दिए गए आश्वासन का स्मरण कराते हुए शीघ्र सड़क व नाली निर्माण की मांग की गई। वार्ड वासी संतोष अग्रवाल एवं सुशील जैन ने बताया कि नगर के थाना रोड एवं मस्जिद रोड में सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने व नाली अत्यंत जर्जर स्थिति में होने के कारण थोड़े से ही बरसात में सड़कों में पानी भर जाता है एवं नाली का पानी सड़कों पर आने लगता है जिससे नगर वासियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर नागरिकों ने लोकसभा चुनाव के पूर्व मोर्चा खोल दिया था और शीघ्र सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने की स्थिति में लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी थी। जिस पर अधिकारी हरकत में आए, राजस्व अमले के साथ नगर पालिका प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जहां नागरिकों को समझाईश देते हुए आचार संहिता समाप्त होने के बाद सड़क व नाली निर्माण तत्काल प्रारंभ कराए जाने का लिखित आश्वासन दिया। जिसके उपरांत नागरिकों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय वापस लिया और मतदान में अपनी सहभागिता निभाई। इधर लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने और परिणाम जारी होने के पखवाड़े भर बाद भी प्रशासन ने दिए गए आश्वासन पर अमल नहीं किया। जिससे क्षुब्ध होकर नागरिक तहसील कार्यालय पहुंचे और दिए गए लिखित आश्वासन का स्मरण कराते हुए इस दिशा में तत्काल पहल कराने की मांग की। यहीं नहीं पहल नहीं होने पर उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी। हालांकि इसके बाद तहसीलदार ने पालिका के अफसरों से चर्चा की और उचित पहल करने की बात कही।



### कर रहे पहल

थाना रोड एवं मस्जिद रोड में सड़क एवं नाली निर्माण के लिए तहसीलदार के द्वारा निर्देशित किया गया है। उक्त दोनों मार्गों में अवैध कब्जा की शिकायत है। राजस्व विभाग को सीमांकन के लिए निवेदन किया गया है। सीमांकन के पश्चात सड़क एवं नाली के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

**-सौरभ तिवारी ,**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नपा अकलतरा

## रेत के अवैध कारोबारियों पर जिम्मेदार मेहरबान

# चार घाटों में निरीक्षण की खानापूर्ति, नहीं बने अवैध उत्खनन व परिवहन के मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर/सक्ती

कहने को तो रेत का उत्खनन और परिवहन बंद कर दिया गया है, लेकिन नवगठित जिला सक्ती में सक्रिय माफिया महानदी और बोराई सहित अन्य छोटी नदियों का सीना छलनी कर रहे है। नदी घाटों से रोज सैकड़ों गाड़ियां रेत का उत्खनन और परिवहन करके डंपिंग कर रही है। आश्चर्य की बात तो यह है कि जांच में निकले अमले को कुछ भी नहीं मिल रहा है। मंगलवार को भी विभाग ने इसी तरह की औपचारिकता निभा दी।

गौरतलब है कि सक्ती जिले के जीवनदायिनी महानदी के अलावा मांड, बोराई, सोन सहित अन्य छोटी नदियों में रेत उत्खनन और परिवहन का सिलसिला लंबे अरसे से चला आ रहा है। बोराई नदी के अलावा महानदी मिरौनी क्षेत्र में तो माफियाराज इस कदर हावी है कि यहां पर कार्रवाई कर पाना किसी चुनौती से कम नहीं है। इसके अलावा अन्य जगहों पर भी अवैध रूप से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन निर्बाध गति से हो रहा है। वर्तमान में बारिश से पहले माफिया रेत डंपिंग करने में जुटे हुए है। इस क्षेत्र में सैकड़ों गाड़ियां रेत डंपिंग की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग चंद गाड़ियों को पकड़कर कार्रवाई की खानापूर्ति कर देता है। सोमवार 17 जून को सक्ती जिला प्रशासन के निर्देशन में खनिज विभाग की टीम अवैध रेत उत्खनन स्थल का मौका निरीक्षण करने पहुंची। इस दौरान ग्राम अचरितपाली, डोंगिया व चिखलरौंदा के बोराई नदी एवं ग्राम मिरौनी के महानदी का स्थल निरीक्षण किया गया। जिसमें किसी प्रकार का जेसीबी मशीन एवं चैन माउण्टेन के द्वारा रेत उत्खनन करते नहीं पाया गया। ग्राम चिखलरौंदा में 2-3 ट्रेक्टर नदी स्थल पर देखा गया परंतु मौके पर वाहन चालक नहीं पाया गया। खास बात यह है कि इस तरह की जानकारी खनिज विभाग द्वारा दी गई है। जबकि क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के साथ अब डंपिंग का खेल इस तरह से होता है यह सर्व विदित है। जिले में दर्जनों रेत घाट अवैध रूप से संचालित हो रहे है। जहां प्रतिदिन सैकड़ों गाड़ियां रेत उत्खनन व परिवहन की जाती है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो लेकिन सक्ती जिले में जिस तरह से अवैध रेत घाटों में माफियाराज चल रहा है। उसने जिम्मेदार विभाग के साथ प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए है।



रेत घाट में लावारिस पडे ट्रैक्टर।

### दिए जाते हैं निर्देश

रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन रोकने सख्ती के साथ कार्रवाई करनी है। बैठक में इस बात के निर्देश दिए जाते है। विभाग द्वारा किस प्रकार कार्रवाई की जा रही है इसकी जानकारी लेकर समीक्षा करेंगे।

**-वीरेन्द्र लकड़ा,**
अपर कलेक्टर, सक्ती

### मुख्य सचिव के आदेश की अनदेखी

मुख्य सचिव ने रेत के अवैध उत्खनन को गंभीरता से लेते हुए सभी कलेक्टर को इस दिशा में जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने रेत के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने दो टूक शब्दों में हिदायत दी थी। इसके बावजूद इस पर गंभीरता दिखाई नहीं दे रही है। कलेक्टर ने जिम्मेदार विभाग को जांच और कार्रवाई करने के लिए निर्देश तो दिया है , लेकिन अमला इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। अपनी ड्यूटी पूरी करने खनिज विभाग की टीम जांच की औपचारिकता निभा रही है। यही वजह है कि घाटों में दबिश देने के बाद भी बड़ी कार्रवाई नही हो पा रही है।

# थाने से फरार आरोपी ने छठवें दिन किया आत्मसमर्पण

## हसौद थाने में पदस्थ दो आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

पुलिस की कस्टडी से फरार हुए आरोपी की पतासाजी के लिए पुलिस हवा में हाथ पांव मार रही थी। थाने से आरोपी के फरार होने और पांच दिन बाद भी नहीं पकड़े जाने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे थे। इस बीच थाने से फरार हुए आरोपी ने छठवें दिन आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले में हसौद थाने में पदस्थ दो आरक्षकों को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है।

### खास बातें

- ढाबे में शराब की अवैध बिक्री करते 12 जून को पकड़ा गया था आरोपी
- हसौद थाने से पुलिस को चकमा देकर हुआ था फरार

हसौद पुलिस ने 12 जून की रात अमलीडीह में आरकेएम फैमिली रेस्टोरेंट एवं ढाबा के संचालक फूलेश्वर चंद्रा पिता दुकालूराम चंद्रा को आबकारी एक्ट के मामले में पकड़ा। इसके बाद देर रात वह पुलिस कस्टडी से फरार हो गया था। एसपी अंकिता शर्मा ने हसौद टीआई विंन्टन साहू को फटकार लगाकर आरोपी की पतासाजी कर तत्काल गिरफ्तार करने कड़े शब्दों में निर्देश दिया। एसपी की फटकार के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 224 के तहत अपराध दर्ज किया गया और हसौद पुलिस कई टीमें बनाकर आरोपी की खोज कर 5 दिनों तक हवा में हाथ पैर मार रही थी लेकिन आरोपी हसौद पुलिस के पहुंच से कोसों दूर था। मामले में तरह तरह की चर्चाएं हो रही थी और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे थे। पुलिस की जमकर किरकिरी हो रही थी। एसपी की फटकार के बाद पुलिस टीम फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए हाथ पांव मार रही थी, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल पा रही थी। मंगलवार 18 जून की सुबह लगभग 9 बजें थाना पहुंचकर आरोपी ने सरेंडर कर दिया। इससे पुलिस ने राहत की सांस ली। एक तरफ आरोपी के सरेंडर को हसौद पुलिस अपनी सफलता बातकर अपनी पीठ थपथपा रही है तो वहीं दूसरी ओर आरोपी के सरेंडर के बाद सें हसौद पुलिस की नाकामी सुर्खियों में है। आरोपी फूलेश्वर चंद्रा पिता दुकालूराम चंद्रा अमलीडीह में आरकेएम फैमिली रेस्टोरेंट एवं ढाबा का संचालक है। 12 जून की रात करीबन 10 बजे हसौद पुलिस ने फूलेश्वर चंद्रा को उसके ढाबा के सामने 34 पाव देसी प्लेन मदिरा शराब के साथ पकड़ा और थाना लाकर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज किया। इसी दौरान आरोपी करीबन 12:16 बजे पुलिस कस्टडी से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ इसके पूर्व में भी कई शिकायत हसौद थाना में हुई है जिसपर आरोपी के खिलाफ आधा दर्जन से ज्यादा 107-16 के तहत प्रतिबंधात्मक कारवाई किया गया है। पुलिस कस्टडी से फरार आबकारी एक्ट के आरोपी फूलेश्वर चंद्रा ने 18 जून को थाना पहुंचकर सरेंडर कर दिया। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इधर पुलिस कस्टडी से आरोपी के फरार होने के बाद एसपी अंकिता शर्मा ने आरक्षक मनीष मिश्रा और निखिलेश साहू को निरंबित करने की कार्वाई की है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

# आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए भटक रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

विकासखंड डभरा मुख्यालय में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक इंगलिश मिडियम सी बी एस ई स्कूल डभरा में आठवीं पास छात्र-छात्रा आत्मानंद स्कूल में प्रवेश पाने के लिए भटक रहे है। इसी सत्र में कक्षा आठवीं उत्तीर्ण होने के बाद शिक्षा सत्र 2024 में 9 वी कक्षा में प्रवेश लेने 24 छात्र-छात्राएं चक्कर काट रहे है। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय इंग्लिश मीडियम स्कूल में आठवीं तक इंग्लिश मीडियम में पढाई होती है। इसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए विद्यार्थी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश लेना चाह रहे है, लेकिन आज तक भर्ती नहीं मिल रहा है। नगर पंचायत डभरा के पूर्व अध्यक्ष अनिल चंद्रा के नेतृत्व में पालकों एवं बच्चों द्वारा भर्ती लेने का ज्ञापन कलेक्टर के नाम तहसीलदार डभरा एवं प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल को सौंपा गया। समस्याओं का निराकरण 7 दिन में नहीं होने पर थाना चौक में अनशन की चेतावनी दी गई है। इस संबंध में स्वामी आत्मानंद स्कूल डभरा के प्राचार्य हेमचरण पटेल का कहना है कि स्वामी आत्मानंद स्कूल डभरा के सभी कक्षाओं में निर्धारित 50 सीट उपलब्ध है। जिसके कारण अन्य विद्यालय से प्रवेश लेना संभव नहीं है।

### एसबीआई के मुख्य मार्ग के सामने बेतरतीब पार्किंग

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के विवेकानंद मार्ग में एसबीआई बैंक के सामने बेतरतीब पार्किंग का नजारा आम है। इसके बाद भी पुलिस और नगर पालिका के द्वारा कभी भी बैंक प्रबंधन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। जबकि यातायात उल्लंघन के नाम पर पुलिस रोज वाहन चालकों से जुर्माना वसूल कर रही है। अवैध पार्किंग से मुक्त कराने में यातायात पुलिस और नगर पालिका का कोई ध्यान नहीं है। नगर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। नगर के अधिकांश मार्ग लोगों के वाहनों का अघोषित पार्किंग स्थल बन गया है। यातायात पुलिस इन मार्गों को वाहनों से मुक्त करने में पूरी तरह असफल हो गई है।

## ग्रामीणों को जागरूक करने हमर पुलिस हमर संग का आयोजन

# सायबर क्राइम व आनलाइन ठगी से बचाव के लिए लोगों को दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बढ़ते अपराधों को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस द्वारा लोगो को जागरूक करने के लिए हमर पुलिस हमर संग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत नवागढ़ थाना क्षेत्र के खैरताल में टीम पहुंची और ग्रामीणों को अपराध का शिकार होने से बचने जरूरी टिप्स दिए गए।

लोगों को जागरूक करने एसपी विवेक शुक्ला के निर्देशन में हमर पुलिस हमर संग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। एएसपी राजेन्द्र कुमार जायसवाल द्वारा हमर पुलिस हमर संग कार्यक्रम संचालन टीम के सदस्यों के साथ मिलकर थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम खैरताल में जाकर कार्यक्रम आयोजित किया किया। उपस्थित लोगो को सायबर सायबर क्राइम एवं ऑनलाईन ठगी से बचाव एवं सोशल मिडिया के सुरक्षित उपयोग तथा घरेलु हिंसा, हमर बेटी हमर मान, बाल विवाह एवं नशापान के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। साथ ही सड़क हादसों से बचने शराब पीकर वाहन नही चलाने, हेलमेट पहन कर मोटर सायकल चलाने, तीन सवारी बैठकर मोटर सायकल नही चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने अपील की गई। इस मौके पर ग्राम खैरताल के निवासियों द्वारा अपनी शिकायत और समस्या भी बताई गई। शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान जन जागरूकता के विभिन्न विडियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित लोगो को दिखाकर लोगो को जागरूक किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि जिले के थाना क्षेत्र के सभी गांव में बीट सिस्टम बनाया गया है और गांव में दीवाल में पेंट से बिट अधिकारी एवं कर्मचारी तथा थाना प्रभारी का नाम मोबाइल नंबर लिखा हुआ है। यदि गांव में किसी व्यक्ति के द्वारा जुआ, सट्टा खिलाता है तो तथा अवैध शराब बिक्री करता हो या अन्य कोई असामाजिक व्यक्तियों के द्वारा गलत काम करता है तो इसकी सूचना देने हेतु अपील की गई। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी, निरी. सत्यकला रामटेके महिला सेल प्रभारी, निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़ का योगदान रहा।




जागरूकता शिविर मे लोगों को जानकारी देते पुलिस अफसर।

# नरियरा के दामादपारा में नहीं पहुंच रहा नल-नल कनेक्शन



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नरियरा के दामादपारा में नल जल कनेक्शन नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में 40 परिवारों को पेयजल की परेशानी से जूझना पड़ रहा है। नरियरा विकास मंच द्वारा इस मुद्दे को लेकर अकलतरा एसडीएम विक्रांत अंचल को ज्ञापन सौंपा गया।

नरियरा विकास मंच के भवानी सिंह एवं बलरामपुरी गोस्वामी ने बताया कि नल जल योजना के अंतर्गत नरियरा में बनाए गए पानी टंकी से लगभग 2-3किलोमीटर की दूरी पर स्थित दामाद पारा के 30 - 40 परिवारों को ठेकेदार के द्वारा दो-तीन किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाए जाने में असमर्थता जताते हुए नल जल कनेक्शन प्रदान नहीं किया जा रहा है। बनाहिल में नल जल योजना के अंतर्गत बनाए गए पानी टंकी से केवल 100 मीटर की दूरी पर दामाद पारा स्थित है। पानी टंकी से केवल 100 मीटर पाइपलाइन बिछाकर दामाद पारा के 30- 40 परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किया जा सकता है लेकिन ठेकेदार के द्वारा केवल बनाहिल वासियो को नल जल कनेक्शन प्रदान किया जाएगा कहकर दामाद पारा के निवासियों को नल जल कनेक्शन प्रदान नहीं किया जा रहा है। ग्राम वासियों के द्वारा एसडीम को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद पीएचई विभाग के अभियंता पवन अग्रवाल के द्वारा नल जल योजना के माध्यम से शेष ग्राम वासियों को भी नल जल कनेक्शन देने के लिए आस्वस्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने खेल सुविधाओं के उन्नयन हेतु किया निर्देशित

**कोरबा।** ट्रांसपोर्ट नगर के प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम पहुंचकर कलेक्टर ने परिसर मे डीएमएफ से स्वीकृत अतिरिक्त निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने परिसर में खेल सुविधाओं का उन्नयन करने हेतु कार्ययोजना बनाने की बात कही। उन्होंने खिलाड़ियों के आवासीय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं, हॉस्टल, स्विमिंग पूल, टेनिस कोर्ट आदि का निरीक्षण करते हुए खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेल अकादमी परिसर के माध्यम से जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने परिसर में रिक्त जमीन पर एक अतिरिक्त इनडोर स्टेडियम निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

### भारतीय ग्रेपलिंग कमेटी ने राष्ट्रीय स्तर पर की सेमिनार

**कोरबा।** भारतीय कुश्ती संघ के अधीन भारतीय ग्रेपलिंग कमेटी ने राष्ट्रीय स्तर का तकनीकी सेमिनार, 13 से 17 जून तक डीएवी स्कूल शिमला में किया। इस सेमिनार में ग्रेपलिंग की तकनीकी बारीकीयों को सिखाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक जखारोव (रूस) से आमंत्रित किया गया था। सेमिनार में देशभर से चुने हुए निर्णायक/कोच को बुलाया गया ताकि उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। इस सेमिनार में प्रदेश ग्रेपलिंग-कुश्ती संस्था के राष्ट्रीय निर्णायक कार्तिक स्वामी मुदलियार एवं कोच राहुल डहरिया जागृति क्लब ढेलवाडीह भी शामिल हुए।

### टीएलएम आधारित पुस्तक का राज्य स्तर पर विमोचन

**कोरबा।** डाइट रायपुर में राज्यभर के शिक्षकों का टीएमएल पर आधारित पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथियों डॉ एम सुधीश सर सहायक संचालक समग्र शिक्षा, बीएल देवांगन प्राचार्य रायपुर डाइट के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। राज्य के कुछ चुनिंदा स्कूलों के शिक्षकों ने अपने संस्था में बच्चों को टीएलएम आधारित पुस्तक से शिक्षा दे रहे हैं। कुछ टीएलएम का वीडियो लिंक के साथ टीएलएम की फ़ोटो, किस कक्षा व किस एलओएस पर काम करेगा, बनाने की विधि, लागत, गतिविधि कैसे करें? पर अपनी बातों को लिखित स्वरूप दिया है। यह प्राथमिक व माध्यमिक दोनों स्तर के शिक्षकों द्वारा बनाया गया है। इस पुस्तक का उपयोग 1ली से 8 वीं तक के शिक्षक अपने शिक्षण योजना में कर सकते हैं।

# शहर में दो सरकारी कॉलेजों के तीन गर्ल्स हॉस्टल अब तक नहीं हो सके शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के ग्रामीण अंचलों के कॉलेजों में संचालित हॉस्टल का शुरु होना तो दूर की बात जिला मुख्यालय जहां प्रशासन के बड़े अफसर बैठते हैं वहां दो बड़े सरकारी कॉलेजों में के तीन गर्ल्स हॉस्टल अब तक शुरु नहीं किए जा सके हैं। संसाधनों की कमी की वजह से तीनों हॉस्टल को शुरु करने तकनीकी कारण सामने आया है। यही कारण है कि दूर दराज से आने वाले छात्राओं को शहर के ही किराये के आवासों में रहने की मजबूरी बनी हुई है।

महाविद्यालय में प्रवेश का दौर शुरु हो रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के छात्राओं की पहली पसंद सरकारी कॉलेज ही रहते हैं। कम फीस होने के कारण अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी कॉलेजों में प्रवेश दिलाने तत्पर रहते हैं। बदलते समय के साथ शहर में चलने वाले दो बड़े कॉलेजों में अब सुविधाएं ⏭ शेष पेज 3 पर

## पीजी कॉलेज में 2 व मिनीमाता में 1 गर्ल्स हास्टल का हुआ है निर्माण

**खास बातें**
- तीनों गर्ल्स हास्टल में उपलब्ध नहीं कराया गया है संसाधन
- किराये के घरों में रहने को मजबूर हैं छात्राएं



### ऑडिटोरियम भी हैंड ओवर नहीं

पीजी कॉलेज में कल्चर एक्टिविटी के लिए डीएमएफ मद लगभग 1 करोड़ की लागत से कॉलेज परिसर के पीछे ऑडिटोरियम का निर्माण किया गया है जो अब तक कॉलेज प्रबंधन को हैंड ओवर नहीं हो सका है। इसके पीछे भी कुछ तकनीकी कारण सामने आए हैं। हैंड ओवर नहीं होने को लेकर अपने अपने तर्क दिए जा रहे हैं। ऑडिटोरियम की निर्माण एजेंसी नगर निगम थी।

### ब्यास हॉस्टल में एनसीसी कैंप

जिले में सबसे पहले हॉस्टल की सुविधा पीजी कॉलेज को ब्यास हॉस्टल के रुप में दी गई थी।कॉलेज भवन से लगभग दो सौ कदम की दूरी पर हॉस्टल का निर्माण किया गया था। ये वहीं ब्यास हॉस्टल है जहां से जिले गठन के बाद कलेक्ट्रेट की शुरुआत हुई थी। सरकारी दफ्तर चलने के कारण हॉस्टल शुरु नहीं हो सका। कलेक्ट्रेट की नई बिल्डिंग बनने के बाद वहां से नई बिल्डिंग में दफ्तर शिफ्ट होने के बाद हॉस्टल बिल्डिंग में आरटीओ कार्यालय, महिला बाल विकास विभाग के दफ्तर चलने लगे। बाद में दोनों दफ्तरों के हटने के बाद लंबे समय तक हॉस्टल खाली रही अब वह एनसीसी बटालियन को हॉस्टल की बिल्डिंग दिए जाने के बाद अब उसके हॉस्टल के रुप में शुरु होने पर विराम लग चुका है।

## ग्राम बंजारी की घटना, 18 हाथियों का झुंड पहुंचा था ग्राम के आसपास

# गजराजों को मारने ग्रामीणों ने घरों के बाहर प्रवाहित कर दिया था करंट का जाल





ग्रामीणों द्वारा इस तरह घर के बाहर लगाया गया करंट का जाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आज उस समय बड़ा हादसा टल गया जब ग्राम बंजारी में 18 हाथियों का झुण्ड पहुंच गया था और

**खास बातें**
- प्रशासन, पुलिस, वन विभाग की संयुक्त टीम ने ग्रामीणो को दी समझाईश, जप्त की गई तार

हाथियों से निपटने के लिए ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों के चारों तरफ करंट प्रवाहित तार की जाल बिछा दी थी। जब इसकी भनक प्रशासन को लगी तो प्रशासन व पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाइए देकर



घर के बाहर लगे करंट तार को काटता वन अमला।

किसी तरह करंट प्रवाहित तार को नीचे उतारकर तार को जप्ती करने की कार्यवाही की गई है।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा वनमंडल में लंबे समय से हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। बताया जाता है कि 18 हाथियों का झुंड एतमानगर रेंज के ग्राम बंजारी के आसपास डेरा डाले हुए थे। जहां ग्रामीण हाथियों के खतरे को देखते हुए अपने-अपने घरों के चारों तरफ करंट का जाल बिछा दिया था ताकि हाथी उनके घरों में न पहुंचे लेकिन ग्रामीणों को यह एहसास नहीं था कि उन्होंने यह क्या कर दिया है यदि हाथी कारण प्रवाहित तार की जद में आते तो उनकी कभी भी मौत हो सकती थी। बताया जाता है कि सोमवार को जब इसकी सूचना प्रशासन के अफसरों को मिली तो बांगो थाना प्रभारी, एसडीएम, वन विभाग के कर्मचारियों की टीम तत्काल ग्राम बंजारी पहुंचे और उन्हें समझाइश दी गई कि उन्होंने करंट का जाल बिछाकर गलत किया है इससे कभी भी हाथी करंट प्रवाहित तार के जद में आएंगे तो उनकी मौत हो सकती है। वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा तत्काल करंट प्रवाहित तार में कनेक्शन काटकर तारों को जप्त की गई है और ग्रामीणों को समझाइश दी गई है कि वह इस तरह की हरकत ना करें।

### पहले भी हाथियों की हो चुकी है मौत

हाथियों के उत्पात को देखते हुए ग्रामीण अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं। कोरबा और कटघोरा वनमंडल में अक्सर हाथियों का झुण्ड विचरण करते रहता है और करंट प्रवाहित तार की जद में आने से कई हाथियों की मौत भी हो चुकी है। खासतौर पर कोरबा वनमंडल के बालको रेंज में इस तरह की घटना सामने आई थी तो वहीं दूसरी ओर कटघोरा वनमंडल में भी इस तरह की घटना सामने आने से अब हाथियों की जान खतरे में है। इसलिए वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को तत्परता दिखानी चाहिए और ग्रामीणों को सजग करना चाहिए ।

# पिता को टांगी से उतारा मौत के घाट, भाग रहा था केरल, गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक कलयुगी पुत्र ने अपने पिता की कुल्हाड़ी के पासे से हमला कर मौत के घाट उतार दिया और पुलिस को चकमा देकर केरल भागने की तैयारी कर रहा था लेकिन पुलिस की सूझ बूझ काम आयी और पुलिस ने उसे भागने से पहले ही धरदबोचा।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोंदरो निवासी अशोक केंवट ने अपने पिता दिलचंद केंवट को टांगी के पासा से मारकर हत्या कर दिया।

### चार भाइयों में बीच का है अशोक

जानकारी के अनुसार मृतक दिलचंद केवट बालको संयंत्र में एक कंपनी में काम करता था और उसका बड़ा पुत्र संतोष केवट अपने परिवार के साथ उसी गांव में निवास करता था जबकि अशोक और दिलचंद एक साथ ही निवास करते थे जबकि एक पुत्र की मौत हो चुकी है जबकि एक और छोटा पुत्र केरल में ही निवास करता था।

### नाले के किनारे युवक की मिली थी लाश, हुई पहचान

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दरगानाला के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था उसकी पहचान बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लेपरा निवासी पवन सारथी 20 वर्ष के रुप में की गई है। बताया जाता है कि वह पिछले 5 महीने से बोर गाड़ी में काम करता था और वह दरगानाला में कैसे पहुंचा यह परिजनों को भी समझ नहीं आ रहा है। संभावना जताई जा रही है कि पवन की हत्या कर नाले में लाश को ठिकाने लगाया गया था।

# कलेक्ट्रेट में महिला उत्पीड़न को लेकर लगेगी शिकायत पेटी




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कार्य के दौरान सरकारी दफ्तरों में महिला उत्पीड़न के होने वाले मामलों को लेकर शिकायत पेटी लगाई जाएगी। कलेक्ट्रेट परिसर में ही पेटी लगाने के निर्देश राज्य महिला आयोग के द्वारा पूर्व में जारी किया गया है जिसपर अमल हो रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित कार्यालयों के अलावा शहर के अन्य स्थानों में चलने वाले दफ्तरों में भी शिकायत पेटी लगाने की तैयारी की जा रही है।

राज्य महिला आयोग ने प्रदेशभर में सरकारी दफ्तरों में कार्य के दौरान महिलाओं को होने वाली परेशानियों एवं अन्य समस्याओं को लेकर आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरण मयी नायक ने अपने कोरबा प्रवास के दौरान इस बात की जानकारी दी थी कि आयोग ने सरकारी दफ्तरों में महिला उत्पीड़न के प्रकरणों को गंभीरता से लेकर प्रत्येक कलेक्ट्रेट में शिकायत पेटी लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत कोरबा जिले में भी सरकारी दफ्तरों में शिकायत पेटी लगाए जाने की तैयारी हुई थी किंतु कुछ कारणों की वजह से सभी कार्यालयों में इसका अमल नहीं हो सका था। वहीं विधानसभा और लोकसभा चुनाव की वजह से कई सरकारी काम बंद हो गए थे। कलेक्ट्रेट के हर दफ्तरों में कामकाज शुरु होने के साथ अब शासन प्रशासन के उन निर्देशों पर भी अमल हो रहा है जो रुक हुए थे। महिला शिकायत पेटी अब अनिवार्य रुप से कलेक्ट्रेट एवं अन्य सरकारी दफ्तरों में लगाई जाएगी।

### सड़क के दोनों ओर लगाया जा रहा रेडियम रिफ्लेक्टर टेप

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी. एस. चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक कटघोरा श्रीमती नेहा वर्मा और एसडीओपी पंकज ठाकुर के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पाली थाना प्रभारी चमन सिन्हा व पाली थाना स्टाफ द्वारा नेशनल हाइवे एवं पाली दीपका रोड में विशेष अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व सड़क दुर्घटना रोकने हेतु सड़क के दोनों ओर रेडियम रिफ्लेक्टर टेप लगाया जा रहा है।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक /696/तह./वा./23
पामगढ़, दिनांक 06/06/24
रा.प्र.क्रं. ........../ब-121/2023
ग्राम ............ प.ह.नं. .......

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक दुलाराबाई पति तुलाराम जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम मेंऊ थाना पामगढ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनके माता सगनुबाई पिता/पति दाऊराम की मृत्यु दिनांक 05/05/2019 को ग्राम मेंऊ में हुआ पर भूलवश मृत्यु पंजीयन ग्राम मेंऊ में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 21/06/24 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**पामगढ़**
**जिला जांजगीर चांपा छ.ग.**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी जांजगीर जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक /Q /तह./वा./जन्म-मृत्यु/2024
मृत्यु प्रमाण पत्र
जांजगीर, दिनांक .../...../..2024
रा.प्र.क्रं. ...../ब-121/2023-24
ग्राम ............लछनपुर

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम लछनपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीवन कंवर पिता रामायण साकिन ग्राम लछनपुर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. .............ग्राम लछनपुर में अपने अतुल कंवर के जन्म-मृत्यु दिनांक 16/04/24 को होने से जन्म/मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई प्रकार की आपत्ति हा तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय आगामी सुनवाई दिनांक 20/06/2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार न करते हुए आवेदक क्रं..... जन्म/मृत्यु पंजीयन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 6/6/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जांजगीर**
**जिला जांजगीर चांपा छ.ग.**

**आवश्यकता है**
विराट शिक्षण एवं सामाजिक समिति बिलासपुर द्वारा संचालित जगरानी देवी महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.) में परिनियम 28 के तहत निम्नलिखित प्राचार्य एवं शैक्षणिक पदो के लिये आवेदन आमंत्रित है।
**प्राचार्य- 01 पद**
**सहायक प्राध्यापक**
हिन्दी, अंग्रेजी, राजनिति सास्त्र, समाज सास्त्र, कम्प्यूटर, गणित, बॉटनी 01-01 पद
रसायन, जंतु विज्ञान 02-02 पद
योग्यता एवं वेतनमान U.G.C. राज्य शासन, विश्वविद्यालय के नियमानुसार होगा। आवेदन करने कि अंतिम तिथि संपूर्ण बायोडाटा एवं मार्कसीट की फोटोकॉपी सहित 05.07.2024 तक महाविद्यालय के पते पर पोस्ट कर सकते है।
पता:- जगरानी देवी महाविद्यालय बिलासपुर, पुराना बस स्टैण्ड के पास तेलीपारा रोड बिलासपुर मो. नं. - 8319511877

**TOP IN JANJGIR**
Approved By Nsdc Center No.69240
N·S·D·C National Skill Development Corporation
**पैरामेडिकल एवं नर्सिंग के रोजगोरन्मुखी कोर्स**
कोर्स
- MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- OT - पोस्ट डिप्लोमा इन OT टेक्नीशियन
- DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
- डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंस

10वीं एवं 12वीं के छात्र एवं छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर
प्रत्येक कोर्स के लिए 30-30 सीट उपलब्ध विभिन्न
एक वर्षीय कोर्स
अस्पतालों या पैथोलेब में कार्यरत विद्यार्थियों के पत्राचार एवं साप्ताहिक की सुविधा
सशुल्क पाठ्यक्रम
सम्पर्क करें- **आकाश एजुकेशनल एकेडमी** केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर मो. नं. 8770638375, 8815467282

जिले में 55 बिस्तरों का **राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल** ISO
**शिशु एवं बाल्यरोग विभाग** — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का **राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल** ISO
**यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)**
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज,
- पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बॉझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेजर से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का **राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल** ISO
**दंत रोग विभाग**
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज

जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का **राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल** ISO
**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग**
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,

24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का **राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल** ISO
**जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग**
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,

सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

**जाँजगीर मार्केट**

**गुप्त रोग**
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
**मां दुर्गा क्लीनिक**
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

प्रवेश प्रारंभ
**YASH ITI Lachhanpur Champa**
N.C.V.T. and D.G.E.T. दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त
कोर्स: इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक, फिजियोथैरेपी, वेल्डर, हेल्थ इंस्पेक्टर, स्टेनोग्राफर हिन्दी
योग्यता: 10वीं पास
सुविधाएँ: 1. गर्ल्स हॉस्टल 2. Wifi Campus 3. छात्रवृत्ति सुविधा
संपर्क करें
सांई मंदिर के पास लछनपुर चांपा जांजगीर-चांपा
मो.- 98261-28690, 97533-79677

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, टायमिंग में कमी, शुक्राणु की कमी, निःसंतान आदि SEX PROBLEM
सभी रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज, मनचाहा पॉवर सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें:-
**धनवंतरी आयुर्वेदिक**
खोखसा फाटक के पास, ओवरब्रिज के नीचे चांपा रोड जांजगीर
मोबा-8962743509

18- JUN-Jash-CORIYA-RAG-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/18/2024 7:49 PM Page 1





# 'कनप्पा' के टीजर में अक्षय और प्रभास को देख फैंस हुए क्रेजी...

**मुंबई।** हाल ही फिल्म 'कनप्पा' का टीजर रिलीज किया गया, जिसने फैंस के बीच खलबली मचा दी है। इस फिल्म में एक-दो बल्कि कई बड़े स्टार्स हैं, जिनकी झलक देख फैंस क्रेजी हो गए। अक्षय कुमार और प्रभास भी 'कनप्पा' का हिस्सा हैं और उन्हें टीजर में देख फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। लेकिन 'कनप्पा' के टीजर में प्रभास और अक्षय कुमार दोनों को ही पहचान पाना मुश्किल है। कनप्पा में विशाल मंचू लीड रोल में हैं और वह भगवान शिव के भक्त बने हैं। टीजर में उनका लुक एकदम हैरान कर देने वाला है। वहीं अक्ख्य कुमार और प्रभास के माथे व आंखों वाले हिस्से को टीजर में दिखाया गया है। 'कनप्पा' के टीजर में वायुलिंगम को चुराने के प्रयासों की कहानी बताई गई है।

## लाइफ Style

# कियारा

## एटीट्यूड को लेकर वीडियो वायरल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेज में से एक हैं। एक्ट्रेस को आखिरी बार फिल्म कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म सत्यप्रेम की कथा में देखा गया था। जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। दर्शकों ने इस फिल्म को काफी पसंद किया था।

अब वह साउथ के सुपरस्टार राम चरण के साथ नजर आने वाली हैं, लेकिन फिल्म से पहले एक्ट्रेस को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कहा जा रहा है कि कियारा एक एटीट्यूड एक्ट्रेस है। आइए जाने क्या है ये पूरा मामला। कियारा आडवाणी अकसर फ्लाइट में ट्रेवल करती रहती हैं। इस दौरान वह कई क्रू मेंबर्स से भी मिलती हैं। वहीं अब एक एयर होस्टेस का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कियारा को एटीट्यूड वाली एक्ट्रेस बता रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक यूट्यूब चैनल के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में एक केबिन क्रू ने खुलासा किया कि उनका और उनके सहयोगियों का एक्ट्रेस कियारा के साथ अच्छा अनुभव नहीं था। वह 'बहुत अधिक एटीट्यूड रखती हैं'।

सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें क्रू मेंबर बोलती नजर आ रही है कि, जब मेरे साथियों ने कियारा को काजू और बादाम दिए तो उन्होंने बहुत ही बेरहमी से इनकार कर दिया और उनसे अपने असिस्टेंट को बुलाने के लिए कहा ताकि वो उन्हें काजू दे सकें। इस इंटरव्यू में केबिन क्रू मेंबर ने कहा कि जान्हवी कपूर और अनन्या पांडे बहुत अच्छी हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# 'हाउस ऑफ...' सीजन-2 रिलीज...

**लॉस एंजिलिस।** मशहूर सीरीज 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' सीजन 2 का प्रीमियर रविवार से शुरू हो गया। इस सीजन में हाउस ऑफ ड्रैगन्स के दूसरे सीजन के साथ ही ड्रैगन्स की कहानी फिर से शुरू होगी। दरअसल, दो साल के अंतराल के बाद एचबीओ की एमी-नॉमिनेटेड ओरिजिनल सीरीज हाउस ऑफ द ड्रैगन अपने दूसरे सीजन के लिए दर्शकों के बीच धमाल मचाने के लिए वापस आ गई है। दूसरे सीजन का पहला एपिसोड रविवार को रिलीज किया गया।




# कुछ पोज कभी पुराने नहीं होते

**लॉस एंजिलिस।** सलमा हायेक की खूबसूरती की दुनिया मुरीद है। मेक्सिको में पैदा हुई अमेरिकी एक्ट्रेस ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है। 57 साल की सलमा ने इंस्टाग्राम पर स्वमिसूट में अपनी नई तस्वीर शेयर की है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने लगभग दो दशक पहले के थ्रोबैक शूट की भी फोटो डाली है, जिसके बाद उनके 'तब और अब' का जिक्र किया है। सलमान ने लिखा है कि 'कुछ पोज कभी पुराने नहीं होते।' अब उनकी इन तस्वीरों को देख दीवाने हुए जा रहे हैं। सलमा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में जो पहली फोटो शेयर की है, वह 'एच एंड एम' ब्रांड कैंपेन की 1999 की तस्वीर है। इसमें वह भूरे रंग की बिकनी सेट में नजर आ रही हैं।



# सोनाक्षी की वेडिंग में नहीं आएंगे पिता

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। सोशल मीडिया पर लीक हुए एक वीडियो के मुताबिक शादी के फंक्शन्स मुंबई में होंगे और परिवार ने इसके लिए 23 जून की तारीख मुकम्मल की है। फिल्ममेकर और सीबीएफसी के पूर्व चेयरमैन पहलाज निहलानी सिन्हा परिवार के क्लोज हैं और उन्होंने कन्फर्म किया है कि वो इस इवेंट का हिस्सा बनेंगे। पहलाज निहलानी ने उन अफवाहों का भी खंडन किया जिनमें बताया जा रहा है कि सोनाक्षी सिन्हा के पिता शत्रुघ्न सिन्हा उनकी बेटी की जहीर इकबाल के साथ शादी का हिस्सा नहीं बनेंगे। खुद को सोनाक्षी सिन्हा का 'मामा' कहने वाले प्रोड्यूसर पहलाज निहलानी ने बातचीत में कहा कि उनकी मौजूदगी के बिना शादी होगी ही नहीं।



# 'बॉर्डर-2' नहीं, 'सूर्या' की करेंगे शूटिंग

**मुंबई।** सनी देओल ने साल 2023 में 'गदर 2' से जबरदस्त कमबैक किया। इस फिल्म ने देश में 525.7 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया था, जबकि वर्ल्डवाइड 686 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया। सीक्वल फिल्म की सफलता को देखकर अब जहां सनी की 'बॉर्डर 2' की रिलीज की चर्चा जोर-शोर से हो रही है, वहीं खबर है कि इस फिल्म से पहले वह अपनी क्राइम-थ्रलिर 'सूर्या' की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। बीते गुरुवार को 'बॉर्डर 2' की रिलीज डेट का ऐलान हुआ है और यह फिल्म 2026 में गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज होनी है। जबकि नई रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल 2022 में शुरू हुई अपनी फिल्म 'सूर्या' को पहले पूरा करने में जुट गए हैं। सनी देओल के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। उनके खाते में 'लाहौर 1947' भी है।

## टीवी मसाला



# 'द ग्रेट इंडियन...' नहीं करना होगा लंबा इंतजार

**मुंबई।** टीवी पर कई साल तक दर्शकों को एंटरटेन करने के बाद फेमस कॉमेडियन कपिल शर्मा अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर नजर आ रहे हैं। उनका नया शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को मिला-जुला रिएक्शन मिला है। इस शो में अब तक रणबीर कपूर से लेकर बॉबी देओल, आमिर खान और विक्की कौशल जैसे सितारे नजर आ चुके हैं। अब चूंकि शो का पहला सीजन खत्म होने की कगार पर है, ऐसे में इसके दूसरे सीजन को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है, जिससे फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। कपिल शर्मा ने 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन को लेकर कहा, 'ये 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का पहला सीजन शानदार रहा है। इसमें कई चीजें पहली बार हुई हैं और हम उन्हें हमेशा याद रखेंगे। हम दुनियाभर से मिल रहे प्यार के लिए शुक्रगुजार हैं। इस शो के लिए नेटफ्लिक्स के साथ काम करना काफी तसल्ली भरा अनुभव रहा और इसी के साथ हम वादा करते हैं कि हम अपने दर्शकों को अगले सीजन के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करवाएंगे।'

## दीपिका कर सकती हैं टीवी पर वापसी

**मुंबई।** 'ससुराल सिमर का' से फेमस एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ पर्दे से लंबे समय से गायब हैं। उन्होंने को-एक्टर शोएब इब्राहिम से शादी की। हालांकि उसके बाद काम किया लेकिन बाद में घर बैठ गईं और अपना यूट्यूब चैनल शुरू कर दिया। शोएब तो इंडस्ट्री में काम करते रहे लेकिन दीपिका ने सब बंद कर दिया। लेकिन लोग हमेशा यही पूछते कि वह पर्दे पर कब वापसी कर रही हैं, जिसका जवाब अब शोएब ने दिया है। हाल ही में इंस्टाग्राम पर सवाल-जवाब वाले सेशन में शोएब इब्राहिम ने अपने चाहने वालों की जिज्ञासाओं को शांत किया है। एक यूजर ने उनसे ये सवाल किया, 'दीपिका मैम क्यों टीवी इंडस्ट्री में वापस नहीं आ रही हैं?' इस पर शोएब ने नहीं, बल्कि दीपिका कक्कड़ ने खुद ही जवाब दिया। साथ ही चुटकी भी ली। दीपिका ने कहा, 'सिर्फ इसलिए क्योंकि इस वक्त मेरा मन नहीं है। इसका कोई कारण नहीं है। लाइफ में हर स्टेज पर आप कोई चीज तय करते हो और मेरी तरफ से मेरा पूरा फोकस और कमिटमेंट जहां है वो रूहान की तरफ है।'



# इंटरनेट पर छाया कैरविना का गाना 'ब्रोकन 'ट्रीहाउस'



**मुंबई।** 'गदर' जैसी फिल्म देने वाले निर्देशक अनिल शर्मा को भला कौन नहीं जानता। इस फिल्म में जीत का रोल अदा करने वाले उनके बेटे उत्कर्ष शर्मा के फैंस की भी कमी नहीं। लेकिन, आज हम आपको अनिल शर्मा की बिटिया कैरविना से मिलवा रहे हैं। प्रतिभा के मामले में वे भी अपने पिता और भाई से कम नहीं हैं। कैरविना संगीत की दुनिया में जादू रच रही हैं। उनका गाना 'ब्रोकन ट्रीहाउस' रिलीज हो चुका है और इंटरनेट पर धूम मचा रहा है। कैरविना शर्मा का गाना 'ब्रोकन ट्रीहाउस' रविवार 16 जून को फादर्स डे के अवसर पर रिलीज हुआ है। इस गाने को कैरविना ने लिखा है। इसे कंपोज भी उन्होंने ही किया है और यह गाना फिल्माया भी कैरविना पर ही गया है। उनके भाई और अभिनेता उत्कर्ष इसमें मददगार बने हैं। गाने की एडिटिंग का जिम्मा उत्कर्ष ने संभाला है।

## उर्वशी और रवि किशन की 'जेएनयू' का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं। दिग्गज अभिनेता रवि किशन भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रश्मि देसाई, विजय राज, पीयूष मिश्रा, सोनाली सैगल, अतुल पांडे और कुंज आनंद जैसे सितारे भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। अब निर्माताओं ने 'जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें उर्वशी समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है। 'जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' के ट्रेलर में छात्रों को कई गंभीर मुद्दे उठाते हुए देखा जा सकता है।




# शेयर कीं ग्लैमरस फोटोज



**मुंबई।** क्यूट एंड ब्यूटीफुल एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपनी कुछ तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं, जिनमें वो मिलान में वेकेशन एंजॉय करती नजर आ रहीं हैं। इन तस्वीरों में अनन्या पांडे मिलान में नाइट पार्टी करती नजर आ रहीं हैं, यहां देखें फोटोज। इन तस्वीरों में अनन्या पांडे बेहद ग्लैमरस लुक में नजर आ रहीं हैं, जिन पर फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। फोटोज में अनन्या पांडे बेज कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में काफी सिजलिंग लुक में नजर आ रहीं हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए अनन्या पांडे ने इन्हें कैप्शन दिया - रात में मिलान और कुछ सिंबल्स भी शेयर किए।

## फिट से हिट का फार्मूला

# फिल्मों के लिए स्टार्स ने किया गजब का बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन...

*मुंबई। कार्तिक आर्यन की फिल्म 'चंदू चैंपियन' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म के लिए कार्तिक आर्यन ने बहुत मेहनत की है। उन्होंने फिल्म के लिए 18 किलो वजन कम किया। इसके लिए कार्तिक आर्यन ने चीनी खाना तक छोड़ दिया था। आइए जानते हैं उन एक्टर्स के बारे में जिन्होंने फिल्मों के लिए हैरान करने वाला बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन किया है।*



**फरहान अख्तर :** साल 2013 में आई फिल्म 'भाग मिल्खा भाग' के लिए फरहान अख्तर ने एथलीट जैसी बॉडी बनाने के लिए तगड़ी मेहनत की थी। उन्होंने इस फिल्म के लिए पहले वेट को बढ़ाया था। उसके बाद, उन्होंने फिल्म में 15 किलो तक वजन घटाया था।



**विद्या बालन :** विद्या बालन ने अपनी फिल्म द डर्टी पिक्चर के लिए 12 किलो वजन बढ़ाया था। 'द डर्टी पिक्चर' में साउथ की मशहूर एक्ट्रेस सिल्क स्मिता की कहानी दिखाई थी।



**करीना कपूर:** साल 2008 में फिल्म 'टशन' आई थी। इस फिल्म के लिए करीना कपूर ने लगभग 20 किलो वजन घटाया था। इस फिल्म के बाद 'जीरो फिगर' टर्म चर्चा में आया था।



**भूमि पेडनेकर :** साल 2015 में आई फिल्म 'दम लगा के हईशा' के लिए भूमी पेडनेकर ने अपना वजन बढ़ाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के लिए उन्होंने 27 किलो वजन बढ़ाया था। फिल्म में उनका वजन 92 किलोग्राम था।



**आमिर खान :** आमिर खान की फिल्म 'दंगल' को दर्शकों से बहुत प्यार मिला था। इस फिल्म के लिए पहले आमिर खान ने 25 किलो वजन बढ़ाया था। वहीं, बाद में फिल्म में कुछ हिस्सों के लिए उन्होंने अपना वजन घटाया था।



**रणदीप हुड्डा :** रणदीप हुड्डा ने फिल्म 'वीर सावरकर' के लिए एक्सट्रीम बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन किया था। इस फिल्म से पहले रणदीप ने 'सरबजीत' फिल्म के लिए एक्सट्रीम वेट लॉस किया था। उन्होंने फिल्म के लिए 28 दिनों में 18 किलो वजन कम किया था।

# अल्लू की 'पुष्पा 2' की रिलीज टली...

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन साल 2021 में आई 'पुष्पाः द राइज' की दूसरी किस्त 'पुष्पाः द रूल' को लेकर सुर्खियां में हैं। 'पुष्पा' ने दर्शकों को इस कदर दीवाना बनाया था कि उन्हें 'पुष्पा 2' का बेसब्री से इतंजार हैं। यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, पिछले दिनों से चर्चा है कि इसकी रिलीज को टाला गया है। अब सूत्रों ने इस खबर की पुष्टि करते हुए 'पुष्पा 2' की नई रिलीज तारीख का भी खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, 'पुष्पा 2' अब 15 अगस्त, 2024 को रिलीज नहीं होगी। वह बोले, 'पुष्पा 2' में देरी के बारे में चर्चा कुछ समय से चल रही है, क्योंकि निर्माता इसे स्वतंत्रता दिवस 2024 तक पूरा करने की कोशिश में लगे थे। हालांकि, कल उन्होंने आखिरकार रिलीज टालने का फैसला किया है और नई तारीख की आधिकारिक घोषणा एक-दो दिन में होने की उम्मीद है।



**खबर संक्षेप**

## कामता में नल-जल योजना का काम ठप, नहीं हो रही जल आपूर्ति




**गोधना।** ग्राम पंचायत कामता में जल जीवन मिशन अधूरा पड़ा है। गांव में टंकी का निर्माण किया गया है लेकिन जलापूर्ति नहीं हो रही है । वहीं पाइपलाइन विस्तार, चबूतरा निर्माण कार्य भी अधूरा पड़ा है । गांव के निवासी रामलाल कश्यप ने बताया कि घर में चबूतरा तो बनाया गया है लेकिन उसमें नल पाइप नहीं जोड़ा गया है। वहीं हरि मिरी ने बताया कि घर में नल पाइप बिछाया गया लेकिन चबूतरा नहीं बना है। ऐसे ही कई ग्रामीण है जिनके कार्य अधूरा पड़ा है। वहीं कार्य एजेंसी कार्य को अधूरा छोड़ कर चला गया है। ऐसी दयनीय स्थिति में पानी का सप्लाई किया गया था ,लेकिन पानी टंकी ऑपरेटर ना होने और बिजली बिल संबंधी विवाद के कारण काम बंद है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के दिनों में हैंड पंप से पानी भरने में दिक्कत होती थी क्योंकि जल स्तर नीचे चला गया था।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने हेतु प्रत्येक वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आयोजित करती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि 31 जुलाई की स्थिति में 5 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम भारतीय निवासी जो भारत में रहता हो जिन्होंने बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण कला, संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है। जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के पात्र है को यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष की भांति जनवरी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में दिया जाना है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन प्राप्त करने का पोर्टल में 1 अप्रैल से लाइव कर दिया गया है। कोई भी बच्चा जिसकी आयु 5 वर्ष से अधिक है और 18 वर्ष से अधिक नहीं है जो भारतीय नागरिक है, उक्त पोर्टल पर 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

## नव निर्वाचित सांसद का आभार रैली में हुआ जगह-जगह स्वागत



**तनौद।** लोकसभा जांजगीर चांपा की नव निर्वाचित सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े मंगलवार 18 जून को तपती धूप में नगर वासियों का आभार प्रकट करने लक्ष्मणेश्वर धाम खरौद पहुंची। यहां महादेव मंदिर में माथा टेक लक्ष्मणेश्वर की पूजा रुद्राभिषेक कर क्षेत्र और राज्य की खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात भाजपा कार्यकर्ता से मुलाकात कर जांजगीर लोकसभा चुनाव में विजय शंखनाद दिलाने के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कार्यकर्ता ने सांसद का भव्य स्वागत किया गया।

## संस्कार भारती का 23 वां प्रांतीय अधिवेशन रतनपुर में आयोजित



**बिर्रा।** संस्कार भारती प्रान्त इकाई छत्तीसगढ़ का प्रांतीय अधिवेशन शनिवार 15 जून एवं रविवार 16 जून को रतनपुर में श्रीसिद्धि विनायक मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुआ। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि राधामाधव धाम श्री सिद्धि विनायक मंदिर के महामंडलेश्वर एवं निरंजन पंडा (राष्ट्रीय लोकविधा सह प्रमुख) अनिल जोशी (क्षेत्र प्रमुख) ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती की पूजार्चना व दीप प्रज्वलन कर किया। द्वितीय सत्र में जिला महामंत्रियों द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें सक्ति, दुर्ग, बिलासपुर, मुंगेली, कांकेर, रायपुर, अम्बिकापुर, कोरबा,रायगढ़ आदि के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कुल 11 जिलों के 63 प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। ओडिशी नृत्य उड़ीसा प्रान्त की बालिकाओं द्वारा सुंदर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में सक्ती जिला से के आर कश्यप अध्यक्ष, मनोज कुमार तिवारी महामंत्री,अन्य जिला से रिखी क्षत्रिय प्रांताध्यक्ष निरंजन पंडा, पवन पांडेय , पुरषोत्तम चंद्राकर,डॉ. योगेंद्र चौबे, स्वाति पंड्या,मनोज श्रीवास्तव,डॉ दिनेश मिश्रा, गरिमा मिश्रा,कीर्ति व्यास,अनिल गधेवाल, भवानी शंकर तिवारी,अखिलेश श्रीवास,हेमन्त माहुलिकर, जागेश्वर सिंह मानसर, सुकदेव कश्यप, हेमन्त सकदेव , डॉ राजेन्द्र कुमार वर्मा, बालमुकुंद श्रीवास,भानुजी राव,सचिन अशोक काले,दिनेश पाण्डेय, मुकेश श्रीवास्तव,डॉ. विश्वनाथ कश्यप आदी ने भाग लिया।

### अपर कलेक्टर ने योग स्थल का किया निरीक्षण

# भीमा तालाब के पास होगा जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जांजगीर-चांपा

योग दिवस के आयोजन के संबंध में अपर कलेक्टर एस पी वैद्य ने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर ने बताया कि 21 जून को 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम जांजगीर के भीमा तालाब जाज्वल्यदेव द्वार के पास 21 जून को प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी होंगे।

अपर कलेक्टर ने बताया कि जिले के शहरों और गांवों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय के प्रमुख स्थलों जैसे- ऐतिहासिक, सार्वजनिक महत्व के स्थल, अमृत सरोवर, महत्वपूर्ण नदियों वाले स्थलों पर अधिक से अधिक भागीदारी के साथ सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए दायित्वों का कुशलता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक के उपरांत अधिकारियों ने भीमा तालाब



योग स्थल का निरीक्षण करते अपर कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी।

स्थित जाज्वल्यदेव द्वार स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपसंचालक समाज कल्याण ने बताया कि शहरों और गांवों के प्रमुख स्थलों पर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी के साथ सामूहिक योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। साथ ही आंगनबाड़ी और वृद्धाश्रम, सार्वजनिक उपक्रमों, शासन के सभी विभागों के प्रमुख स्थानों में भी योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें सरपंच, वार्ड पार्षदों अन्य स्थानीय समुदाय के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक स्वैच्छिक संगठन, पुलिस प्रशिक्षण केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, बाल आश्रम, वृद्धाश्रम, दिव्यांगजनों तथा उभयलिंगी व्यक्तियों हेतु संचालित संस्थाएं शामिल होंगे। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, उप संचालक समाज कल्याण टी पी भावे सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं विभिन्न सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय सहित जिला स्तर पर मनाया जाएगा योग दिवस

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने 21 जून को दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर, प्रत्येक ग्राम पंचायतो, नगरीय निकायो के प्रमुख स्थलों पर सामूहिक योग कार्यक्रम सुबह 7 बजे से अधिक से अधिक भागीदारी के साथ सामूहिक योग अभ्यास का वृहद कार्यक्रम आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए हैं।



जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम सामुदायिक भवन, जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के पास मेन रोड सक्ती में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री तोपनो ने जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपे हैं। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन के लिए पुलिस विभाग को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, राजस्व विभाग को कानून व्यवस्था, संपूर्ण तैयारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल की व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल टीम, एंबुलेंस, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा, परिवहन विभाग को आवश्यक परिवहन व्यवस्था, आयुष विभाग को कार्यक्रम स्थल पर काढ़ा, औषधि आदि का स्टॉल लगाने दायित्व सौंपे है।



सड़क में जगह-जगह बने गड्ढे।

## सड़क पर बने गड्ढे से क्षेत्रवासियों को आवागमन में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अकलतरा

फोरलेन चौक तरौद से दीपका तक 59.2 किलोमीटर लंबा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का निर्माण 146 करोड़ की लागत से विगत 4 वर्षों से किया जा रहा है। इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत ग्राम खटोला में भी सड़क निर्माण किया गया है, लेकिन ठेकेदार के द्वारा खटोला नहर के पास 200 मीटर सड़क अभी तक नहीं बनाया गया है जिसके चलते सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इस मार्ग से आवागमन करने वाले खटोला नहर के पास बने बड़े-बड़े गड्ढों के चलते आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

■ **ग्रामीणों ने आधा अधूरे छोड़े सड़क को जल्द से जल्द बनाने की मांग**

ग्राम वासियों के द्वारा सड़क निर्माण के दौरान छोड़े गए हिस्से को बनाए जाने के लिए कई बार कहा गया लेकिन रसूखदार ठेकेदार के द्वारा ग्राम वासियों की मांग को हर बार अनसुना कर दिया गया। 2 दिन पूर्व थोड़ी सी बरसात होने के बाद खटोला नहर के पास सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं जो यहां से आवागमन करने वालों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। विदित हो कि इस मार्ग से होकर प्रतिदिन कटघरी, खटोला,बरगवां ,कोटगढ़ , बम्हनी ,परसाही बाना, कटनई ,मौहाडीह, बरपाली सहित 15- 16 गांव से हजारों की संख्या में विद्यार्थी पढ़ाई के लिए अकलतरा आते हैं। 26 जून को शाला खुलने पर इस मार्ग से आवागमन करने में सबसे ज्यादा परेशानी इन विद्यार्थियों को होगी। ग्राम वासियों के द्वारा जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए खटोला नहर के पास आधा अधूरा छोड़े गए सड़क को जल्द बनाए जाने की मांग की गई है।

## एबीवीटीपीएस मड़वा में कम्युनिटी हॉल लोकार्पित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जांजगीर-चांपा

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा के सीनियर क्लब परिसर में कम्युनिटी हॉल का लोकार्पण छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके. कटियार द्वारा किया गया। प्रबंध निदेशक अपने तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन मड़वा विद्युत संयंत्र पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने प्रबंध निदेशक का आभार जताते हुए कहा कि कम्युनिटी हॉल लोकार्पित होने के साथ ही कॉलोनीवासियों को अपने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को पूर्ण करने के लिए सहूलियतें होंगी। उन्होंने कहा कि यह एक बहुप्रतीक्षित मांग थी, जिसे आज पूरा कर लिया गया है। श्री बंजारा ने प्रबंध निदेशक के समक्ष श्रम कल्याण केंद्र के मरम्मत एवं सुधार का प्रस्ताव रखा, जिस पर उन्होंने सहमति जताई है। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा कटियार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव एवं श्रीमती रूबी श्रीवास्तव, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसडी द्विवेदी, भरत गड़पाले, आरके साव और एन. लकरा, अधीक्षण अभियंता वायके. पाटिये समेत बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**खास बात**

- कॉलोनीवासियों को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को पूर्ण करने में होगी सहूलियत
- 1.34 करोड़ की लागत से 912 वर्ग मीटर में हुआ है भवन का निर्माण

**कम्युनिटी हॉल की खासियतें**-कम्युनिटी हॉल 912 वर्गमीटर में बनाया गया है। इसमें वातानुकूलन की सुविधा दी गई है। महिला एवं पुरूषों के लिए दो अलग-अलग कमरे बनाए गए हैं। एक बड़ा हॉल है, जिसमें करीब 400 कुर्सियां लगाई जा सकेंगी। इसके निर्माण में कुल लागत 1.34 करोड़ की आई है।

## निर्दोषों को तंग करना बंद करे प्रशासन, असल दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई : डहरिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जांजगीर-चांपा

बलौदा बाजार में हुई आगजनी और तोड़फोड़ के मामले को लेकर सियासत गरमाने लगी है। जिला कांग्रेस कमेटी ने 18 जून को जांजगीर

■ **जिला कांग्रेस ने बलौदा बाजार कांड के विरोध में किया धरना प्रदर्शन**



कचहरी चौक में धरना प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

के कचहरी चौक में धरना देकर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

धरना सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त प्रभारी एवं पूर्व मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने कहा कि शासन और प्रशासन निर्दोषों को तंग करना बंद करे, असल दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। प्रशासन जिस प्रकार से कार्यवाही कर रही उससे सतनामी समाज के खिलाफ किसी बड़े षड्यंत्र की बू आ रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह, विधायक पामगढ़ श्रीमती शेषराज हरबंश, कार्यकारी जिलाध्यक्ष रमेश पैगवार, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा, नपाध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल, युंकाध्यक्ष प्रिस शर्मा, अनुसूचित जाति विभाग जिलाध्यक्ष महारती बघेल, पिछड़ा वर्ग विभाग जिलाध्यक्ष लोकेश राठौर, प्रदेश सचिव द्वय हरप्रसाद साहू, संदीप अग्रवाल, उत्तम पाटले ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष रफीक सिद्दीकी व आभार विधायक जांजगीर चांपा व्यास कश्यप ने किया। कार्यक्रम में गुलजार सिंह ठाकुर, विवेक सिसोदिया, महामंत्री संगठन शिशिर द्विवेदी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गण नवल सिंह ठाकुर, महेश्वर टंडन, रविन्द्र शर्मा, सुनील साधवानी, गोविन्द कश्यप, सदन यादव, श्रीमती ललिता पाटले अध्यक्ष नगर पंचायत बलौदा, इब्राहिम मेमन, आभास बोस, हरदेव टंडन, राइस किंग खूंटे, कमलेश सिंह बाबा, पुरनेंद्र तिवारी, खुलन सोनवानी, संदीप यादव, नागेन्द्र गुप्ता, भोजराम टंडन, भुनेश्वर साहू, रमेश आनंद, प्रमोद पांडेय, मनोहर प्रधान, हीरा उपाध्याय, अजय दिव्य, घासीराम चौहान, कल्याण बर्मन, शिवकुमार तिवारी, शशि शंकर डहरिया, प्रतिपाल सिंह, अजय शशि जगत, राधेश्याम नोर्गे, शत्रुघ्न धीवर, कृष्ण कुमार केवट, जगदीश जाटवर, रवि प्रकाश पांडेय, आकाश तिवारी, सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## सक्ती में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**सक्ती।** बलौदा बाजार कांड के विरोध में जिला कॉग्रेस कमेटी सक्ती द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी पूर्व विधायक पूर्व संसदीय सचिव डॉ रश्मि सिह ने कहा कि बलौदाबाजार में प्रशासन निर्दोष लोगों पर जुल्म कर रही हैं और साजिश करने वाले आजाद है। अनुसूचित जाति के साथ हो रही अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी। जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, पूर्व विधायक चैन सिह समले, प्रदेश सचिव सुरेंद्र भार्गव कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण दिगंबर प्रसाद चौबे, कन्हैया कंवर, कुशल कश्यप, कुसुमलता अजगले



परस यादव, टिका राम कुर्रे ने संबोधित किया। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला कॉग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष महबूब खान, नरेश गेवरडीन, पार्षद ईश्वर लोधी, पिंटू ठाकुर, आनंद अग्रवाल, गिरधर जायसवाल, अधिवक्ता रथ राम पटेल, रामसंजिवन देवांगन, लाला सोनी, कुशल कश्यप, पारस यादव, सुरेंद्र भार्गव, टीकाराम कुर्रे, कुसुमलता अजगल्ले, अमीन खान, प्यारेलाल पटेल, दिवाकर यादव सहित विधानसभा जैजैपुर, डभरा एवं सक्ती के कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित थे। कायर्क्रम का संचालन जिला कांग्रेस के प्रवक्ता अधिवक्ता गिरधर जायसवाल और जिला महामंत्री अमित राठौर तथा आभार जिला अध्यक्ष त्रिलोकचंद दादू जायसवाल द्वारा किया गया।

### कन्या क्रीड़ा परिसर में प्रवेश परीक्षा के लिए फार्म का वितरण कल से

**सक्ती।** शासकीय अनुसूचित जाति कन्या क्रीड़ा परिसर चिस्दा में वर्ष 2024-25 के लिए प्रवेश परीक्षा फार्म का वितरण 20 जून से प्रारंभ होगा। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा जिला सक्ती में संचालित 100 सीटर अनुसूचित जाति कन्या क्रीड़ा परिसर में रिक्त 52 सीटों के विरुद्ध प्रवेश प्रक्रिया होगी। प्रवेश फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून तक है। प्रवेश परीक्षा 27 जून से 28 जून को कन्या क्रीड़ा परिसर चिस्दा में सुबह 9 बजे से शारीरिक दक्षता का मूल्यांकन कर प्रवीणता के आधार पर खिलाड़ी छात्रों का चयन किया जाएगा।

## क्रांति समूह के रक्तदानियों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहेराडीह

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर में रक्तदाता क्रांति समूह के सक्रिय रक्तदाताओं द्वारा विभिन्न जगह जरूरतमंद मरीजों के लिए स्वेच्छा से रक्तदान किया गया। जिला चिकित्सालय जांजगीर में केशव कश्यप, कासिम ने, आयुष्मान ब्लड बैंक चांपा में हरप्रसाद पटेल, जितेश साहू ने एवं धरम ब्लड चांपा में तुलेश्वर, उमाशंकर, संजय राठौर, दुर्गेश राठौर, देवीलाल सहित कुल 15 रक्तदानियो ने रक्तदान किया।

15 यूनिट रक्त को सिक्लिंग व थैलीसीमिया मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जावेगी। विगत 9 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान रखने वाली




जरुरतमंदों के लिए रक्तदान करते सदस्य।

संस्था निरंतर जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त मुहैया करा रही है। संस्था के माध्यम से प्रतिवर्ष 4/5 कैंप भी आयोजित किया जाता हैं जिससे लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया जा सकें एवं उनके मन में रक्तदान के प्रति व्याप्त भ्रान्तियों को दूर किया जा सकें।

**सेवा को मिला सम्मान**-रक्तदाता क्रांति समूह द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों को देखते हुए विश्व रक्तदान दिवस पर इस संस्था को हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के द्वारा ऑनलाइन रक्तदाता गौरव सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था को मिले इस सम्मान से सभी सदस्यों में हर्ष व्याप्त हैं।

### संकुल केन्द्र बिर्रा में चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का आयोजन

# बच्चों को भाषा और गणित की गुणवत्तापरक ज्ञान जरुरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिर्रा

प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020के अंतर्गत सभी बच्चों को एफ एल एन की दक्षता के लिए एफ एल एन का प्रशिक्षण संकुल केन्द्र बिर्रा में चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

अंतिम दिवस बम्हनीडीह विकासखण्ड समन्वयक हितेन्द्र बेहार ने सभी शिक्षक शिक्षिका को साफ तौर पर कहा कि सभी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव पालक की उपस्थिति में मनाया जाए और 24 जून से पांचवीं कक्षा के छात्र छात्राओं को अनसाल्ड पेपर के माध्यम से बच्चों को नवोदय विद्यालय परीक्षा की तैयारी करने में जुट जाएं। साथ ही सभी शिक्षक शिक्षिका कमर कस ले और एफ एल एन मूलभूत साक्षरता और बुनियादी शिक्षा का प्रशिक्षण करके अपने विद्यालय में बच्चों



प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक।

को भाषा और गणितीय कौशल की समझ आनी चाहिए और प्राथमिक विद्यालय के सभी बच्चों को भाषा को पढ़ लेनी चाहिए और गणित को हल करनी आनी चाहिए जब तक बच्चों को दोनों भाषा का समझ नहीं होगा तो यह प्रशिक्षण सार्थक नहीं होगा इसके लिए सभी शिक्षक शिक्षिका अपने विघालय में बच्चों को भाषा और गणित की गुणवत्ता परक ज्ञान होनी चाहिए। मास्टर ट्रेनर राजेश कंवर, ईश्वर राठौर व अशोक देवांगन ने भाषा शैली व गणितीय कौशल को पाठ को रोचक बनाकर सभी शिक्षक शिक्षिका ने बड़ी आत्मीयता के साथ शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

वहीं प्रधान पाठक मुरारीलाल थवाईत ने भी सभी शिक्षक शिक्षिका को इस नया सत्र से विद्यालय में पूरी निष्ठा और लगन से कार्य योजना तैयार करके विघालय में वातावरण निर्मित करना है। शैक्षिक समन्वयक लखनलाल कश्यप किशोर देवांगन गुरू प्रसाद भातपहरे ने भी पूरे समय प्रशिक्षण में जुटे हुए हैं। प्रशिक्षण में 51 शिक्षक शिक्षिका शामिल हुए। इस मौके पर छबिपटेल,नोहरसाहू, संतराम कश्यप, मथुरा मधुकर गोपी तिवारी, प्रमोद कश्यप,सम्मेलाल जावेर, एकादशियां खुंटे, प्रीतम प्रसाद, पंचराम कश्यप, रोहित,तीजूराम, रामगोपाल साहू, अमृत पटेल, श्री उरांव, गोर्वधन चद्रा, शीलाराम संवरा, निहारिका साहू, पुष्पा पटेल, बीना ड़ड़सेना, मीनाक्षी, सुमनरात्रे, पिताम्बर , गोसाईं राम के अलावा शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे।

